"जनता की आवाज, सच का आईना"

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ गुरूवार ♦ 05 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 907

श्रीडूंगरगढ़ की 33 पंचायतों में 177 और रीड़ी की 31 पंचायतों में 151 सरपंचाई की दौड़ में

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

5 नवंबर 2026। क्षेत्र की 64 ग्राम पंचायतों में सरपंचाई के लिए 328 नेता मैदान में रहे है, प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में 177 सरपंच प्रत्याशी मैदान में है, वहीं रीड़ी पंचायत समिति की 31 ग्राम पंचायतों में 151 सरपंच प्रत्याशी खड़े है। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में कुल 269 नामांकन किए गए थे, इनमें से ड़मी के रूप में भी कई पर्चे भरे गए एवं कईयों को दूसरे सरपंच प्रत्याशियों ने समझाईश कर बैठा लिया। नामांकनों की जांच एवं नाम वापसी के बाद 177 प्रत्याशी मैदान में रहे है। इनमें सर्वाधिक ग्राम पंचायत बिग्गा में सरपंच प्रत्याशी है। यहां कुल 16 जनों ने सरपंचाई के लिए अपनी दावेदारी की है।

इसी प्रकार संमदसर, सुरजनसर, मोमासर में 8-8 प्रत्याशी, धीरदेसर चोटियान, कित्तासर भाटीयान में 7-7 प्रत्याशी, पूनरासर, शेरूणा, माणकरासर, तोलियासर में 6-6 प्रत्याशी, जाल बसर, धीरदेसर पुरोहितान, बिग्गाबास रामसरा, जैतासर में 5-5 प्रत्याशी, लखासर, ल्होडेरा, गुंसाईसर बड़ा, उदरासर, लिखमादेसर, कुंतासर, सातलेरां, पुंदलसर, बेनीसर में 4-4 प्रत्याशी, लाखनसर, आडसर, कित्तासर बिदावतान, जैसलसर, ठुकरियासर में 3-3 प्रत्याशी मैदान में है एवं ग्राम पंचायत जोधासर, बींझासर, डेलंवा, सत्तासर, हेमासर में सीधे सीधे दो-दो प्रत्याशियों की आमने सामने की टक्कर रहेगी। वहीं दूसरी और रीड़ी पंचायत समिति की 31 ग्राम पंचायतों में कुल 255 नामांकन किए गए, जिनमें से 2 नामांकन खारीज हुए। 253 नामाकनों में से ड़मी प्रत्याशियों एवं आपसी समझाईश से बनी सहमती के कारण 102 नामांकनों की नाम वापसी के बाद 151 प्रत्याशी मैदान में रहे है। यहां पर सर्वाधिक ग्राम पंचायत बरजांगसर एवं टेऊ में 9-9 प्रत्याशी मैदान में है, वहीं ग्राम पंचायत लिखमीसर उतरादा में 8 प्रत्याशी, सांवतसर में 7 प्रत्याशी, धनेरू, जाखासर, लिखमीसर दिखणादा, सोनियासर मीठिया, सूडसर में 6-6 प्रत्याशी, बापेऊ, इंदपालसर बड़ा, जाखासर भोमसिंहवतान, कल्याणसर नया, कुनपालसर, राजेडू, रीड़ी, ऊपनी में 5-5 प्रत्याशी, बाडेला, धर्मास, दुलचासर, गोपालसर, कल्याणसर पुराना, केऊ, मिंगसरिया, सोनियासर शिवदानसिंह में 4-4 प्रत्याशी, देरा जसर, दुसारणा पंडरिकजी, इंदपालसर गुंसाईसर, इंदपालसर सांखलान, में 3-3 प्रत्याशी एवं ग्राम पंचायत बाना, कोटासर में सीधे तौर पर दो-दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।

जिला परिषद व पंचायत समिति चुनाव के बाद सरपंच और पंच चुनाव का भी बहिष्कार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

5 नवंबर 2026। पंचायत परिसीमन के विरोध में एकजुट हुए दुसारना पीपासरिया के ग्रामीणों ने अब सरपंच और वार्ड पंच चुनाव से भी दूरी बना ली है। बुधवार को गांव के धरना स्थल पर मौजूद बुजुर्गों और युवाओं ने सरपंचाई के लिए दावेदारी छोड़ने का ऐलान करते हुए चुनाव बहिष्कार का निर्णय कायम रखा। गांव से सरपंच और वार्ड पंच के लिए एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य चुनाव में मतदान नहीं करने के बाद ग्रामीणों का यह कदम प्रशासन के लिए भी परेशानी भरा बन गया है। विदित रहें ग्रामीण दुसारना पंडरिकजी में शामिल करने या नई पंचायत बना देने की मांग कर रहें है।

एक पखवाड़े से धरना, नहीं मना पाया प्रशासन।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। ग्रामीण परिसीमन के बाद से लगातार अपना विरोध दर्ज करवा रहें थे और एक पखवाड़े से वे धरने पर बैठे थे। प्रशासनिक विफलता भी क्षेत्र में चर्चा पर है, जिसके चलते 718 लोग मतदान से वंचित रह गए। हालांकि गांव के सरकारी कार्मिकों पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया मतदान के लिए परंतु ग्रामीणों की एकता आगे यह प्रयास पूरी तरह से विफल साबित हुआ। जिले भर में पीपासरिया चर्चा का केंद्र बन गया है और प्रबुद्धजन वोट से वंचित रहने पर लोकतंत्र के विपरित बताते हुए इस पर चिंता जता रहें है।

718 मतदाताओं वाले पीपासरिया में नहीं भरा एक भी पर्चा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। दुसारना पीपासरिया को नई ग्राम पंचायत कोटासर में शामिल किया गया है। कोटासर ग्राम पंचायत में कुल 1,593 मतदाता और 7 वार्ड हैं। बूथ संख्या 51 पर कोटासर गांव के 875 मतदाता हैं, जहां सरपंच पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं बूथ संख्या 52 पर दुसारना पीपासरिया के 718 मतदाता हैं। ग्रामीणों की एकजुटता के चलते गांव के तीन वार्डों में से किसी भी वार्ड में पंच के लिए नामांकन नहीं भरा गया है। ग्रामीणों ने सरपंच चुनाव के बहिष्कार का ऐलान करते हुए अपनी मांगों पर अडिग रहने का संदेश दिया है। पीपासरिया के ग्रामीणों के बहिष्कार के बाद अब कोटासर ग्राम पंचायत के सरपंच के लिए कोटासर से ही दो प्रत्याशी खडे है एवं आमने सामने की सीधी टक्कर यहां देखने को मिल रही है।

हाईकोर्ट ने न्यायिक तबादले किए राजपाल सिंह को श्रीडूंगरगढ़ लगाया

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 5 नवंबर 2026। राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने न्यायिक व्यवस्था में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो अलग अलग आदेश जारी कर 20 न्यायिक अधिकारियों के स्थानातंरण एवं नई नियुक्तियां के स्थानांतरण एवं नई नियुक्तियां की। इन आदेशों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश से लेकर सिविल जज स्तर तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। रजिस्ट्रार प्रशासन चचंल मिश्रा की ओर से जारी आदेश के तहत उपेन्द्र शर्मा को बांसवाड़ा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार राजपाल सिंह को श्रीडूंगरगढ़, रविबाला सिंह को बीकानेर में एडीजे संख्या 4 सहित 20 न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए गए है। एडवोकेट ललित मारू ने बताया कि न्यायाधीश कृष्णकांत बीकानेर से माह में छ्ह दिन सेवाएं देने आ रहें थे। अब स्थाई पद नियुक्ति से क्षेत्र में न्याय के मामलों में राहत मिल सकेगी। कृष्णकांत को सांगानेर स्थित एडीजे संख्या 10 लगाया गया है। बुधवार को बार ऐसोसीएशन द्वारा न्यायाधीश कृष्णकांत को सम्मान समारोह के साथ विदाई दी गई।



रात भर समझाये चुनाव चिन्ह, जम कर चला सिफारिशों का दौर, बुजुर्गों का दो टूक जवाब बना चर्चा का विषय, आज खुलेगी गांव की सत्ता की किस्मत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

गांव की चौपालों से लेकर घरों की दहलीज तक चुनावी चर्चाओं का शोर है। सरपंची के दावेदारों की धड़कनें तेज हैं, समर्थकों की नींद गायब है और मतदाताओं के मोबाइल लगातार घनघना रहे हैं। गुरूवार को होने वाले सरपंच एवं पंच चुनाव से पहले बुधवार की रात प्रत्याशियों के लिए सबसे भारी रात बन गई है। कहीं एक-एक वोट की मनुहार हो रही है, तो कहीं रिश्तेदारी के दम पर सिफारिशों की पूरी चेन सक्रिय है। गांवों में चुनावी रोमांच ऐसा है कि हर प्रत्याशी को अब अपने जीत के समीकरण में एक-एक वोट की कीमत समझ आ रही है।

'सगा सीख रा धणी हो, वोटां रा धणी कोनी बणन देवां'!

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। रीड़ी क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में एक बुजुर्ग का राजस्थानी अंदाज अपने रिश्तेदार को दिया जवाब चुनावी चर्चाओं में आज खूब सुर्खियां बटोर रहा है। दूर बैठे रिश्तेदार फोन कर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की सिफारिश कर रहे हैं। ऐसे ही एक फोन पर बुजुर्ग ने दो टूक कहा- सगा सीख रा धणी हो, वोटां रा धणी कोनी बणन देवां। यानी रिश्तेदारी का मान-सम्मान अपनी जगह, लेकिन वोट का मालिक कोई दूसरा नहीं बन सकता। बुजुर्ग की यह बात अब गांव भर में ही नहीं चुनावी संवाद का नया जुमला बन गई है। कई मतदाता रिश्तेदारों के फोन पर इसी अंदाज में जवाब देकर अपनी जान छुड़ा रहे हैं। सिफारिश करने वाले रिश्तेदार भी समझ नहीं पा रहे कि आखिर वोट की गारंटी कैसे लें!

साम-दाम-दंड-भेद की रणनीति, हर वोट पर नजर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सरपंची की कुर्सी के लिए गांवों में चुनावी बिसात पूरी तरह बिछ चुकी है। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ अंतिम दौर की रणनीति बनाने में जुटे हैं। घर-घर जाकर चुनाव चिह्न समझाने से लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए तैयार करने तक हर कोशिश जारी है। कहीं पुराने रिश्ते याद दिलाए जा रहे हैं, तो कहीं नए समीकरण बनाए जा रहे हैं। प्रत्याशियों के लिए आज की रात किसी राजनीतिक अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। समर्थक भी अपने प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। चुनावी माहौल में साम, दाम, दंड, भेद की चर्चाएं गांव की चौपालों पर खूब रंग जमा रही हैं।

अतिसंवेदनशील गांवों में प्रशासन की धड़कनें भी तेज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। जहां प्रत्याशियों की रात बेचैनी में गुजर रही है, वहीं पुलिस एवं प्रशासन के लिए अतिसंवेदनशील गांवों में शांतिपूर्ण मतदान करवाना बड़ी चुनौती है। अधिकारी लगातार फीडबैक ले रहे हैं और मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए हैं। कुछ मतदान केंद्रों के आरओ द्वारा अतिरिक्त पुलिस जाप्ते की मांग किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क है और निष्पक्ष मतदान करवाने की तैयारियों में जुटा है।

आज रात की मेहनत, कल मतपेटी का फैसला!

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। गांवों में आज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। समर्थकों की सक्रियता, मतदाताओं की चुप्पी और रिश्तेदारों की सिफारिशों के बीच चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प बन गया है। कोई अपनी जीत के दावे कर रहा है, तो कोई भीतर ही भीतर वोटों का हिसाब लगा रहा है। लेकिन मतदाता के मन में क्या है, यह अभी भी सबसे बड़ा रहस्य बना हुआ है। आज की रात किसकी रणनीति सफल होगी, किसका समीकरण बिगड़ेगा और किसकी सरपंची की उम्मीदों पर पानी फिरेगा, इसका फैसला कल गांव की जनता अपने मताधिकार से करेगी।

समंदसर ने 88% से अधिक मतदान किया, सबसे कम कितासर बीदावतान में, 80% से अधिक 10 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

5 नवंबर 2026। मंगलवार को क्षेत्र में जिला परिषद व पंचायत समिति सीटों के लिए मतदान संपन्न हुआ। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में कुल 103030 मतदाताओं में से 76219 ने मतदान किया, जो 73.98% रहा है। ग्राम पंचायत समंदसर मे 88.67त्न मतदान सर्वाधिक मतदान हुआ है। वहीं माणकरासर में दूसरे स्थान पर अधिक 86.61% मतदान हुआ है। सबसे कम कितासर बीदावतान में 56.85% मतदान हुआ है। क्षेत्र की 33 में से 10 ग्राम पंचायतों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। आप भी पढें विस्तृत रिपोर्ट ग्राम पंचायत पूनरासर में कुल मतदाता 4714 में से 3992 मतदाताओं ने मतदान किया जोकि 84.68% रहा है। ग्राम पंचायत शेरूणा में कुल मतदाता 5088 में 4110 ने मतदान किया और ये 80.78% है। ग्राम पंचायत जोधासर में 3440 मतदाताओं में से 2759 ने वोट दिया, जोकि 80.20% है। ग्राम पंचायत लखासर में 3282 मतदाताओं में से 2453 ने मतदान किया जोकि 74.70% रहा है। ग्राम पंचायत समंदसर में कुल मतदाता 2665 में 2363 ने मतदान किया जो कि 88.67% रहा है। वहीं माणकरासर में कुल मतदाता 1763 में से 1527 ने मतदान किया जोकि 86.61त्न है। बींझासर में कुल मतदाता 2668 में से 2042 ने मतदान किया जो कि 76.54% है। ग्राम पंचायत लोढेरा के 1739 में से 1452 ने मतदान किया, जो कि 83.50% है। ग्राम पंचायत गुसाईसर बड़ा में 3914 मतदाताओं में से 2728 मतदाताओं ने मतदान किया, जोकि 69.70%। ग्राम पंचायत डेलवां 2159 मतदाताओं में से 1746 ने मतदान किया, ये 80.87% है। उदरासर में कुल मतदाता 3857 में से 2653 ने मतदान किया, जोकि 68.78% है। जालबसर में 2790 मतदाताओं में से 1917 ने मतदान किया, जोकि 68.71% है। सुरजनसर में 2262 मतदाताओं में से 1650 ने मतदान किया, जोकि 72.94% है। लाख नसर में 1400 मतदाताओं में से 1106 ने मतदान किया, जोकि 79.00% है। धीरदेसर पुरोहितान में 1638 मतदाताओं में से 1206 ने मतदान किया, जोकि 73.63% है। आड़सर में 3291 मतदाताओं में से 2602 ने मतदान किया, जोके 79.06% है। मोमासर में 10297 में से 6837 मतदाताओं ने मतदान किया, जोकि 66.40त्न रहा। सत्तासर में 2825 में से 2084 मतदाताओं ने मतदान किया, जोकि 73.77% रहा। लिखमादेसर में 3009 मतदाताओं में से 2482 ने मतदान किया, जोकि 82.49% है। कुंतासर 2101 मतदाताओं में से 1615 ने मतदान किया, जोकि 76.87% है। धीरदेसर चोटियान 3959 मतदाताओं में से 2740 ने मतदान किया, जोकि 69.21त्न है। कितासर भाटियान 2436 मतदाताओं में से 1647 ने मतदान किया, जोकि 67.61% है। कितासर बीदावतान में 2021 मतदाताओं में से 1149 ने वोट दिया, जोकि 56.85% है। बिग्गाबास रामसरा में 3300 मतदाताओं में से 2269 ने वोट किया, जोकि 68.76% है। बिग्गा में 5578 मतदाताओं में से 3472 ने वोट किया, जोकि 62.24% है। सातलेरा में 1779 मतदाताओं में से 1420 ने मतदान किया, जोकि 79.82% है। जैसलसर में 1583 मतदाताओं में से 1281 ने मतदान किया, जोकि 80.92% है।

जैतासर में 2678 मतदाताओं में से 1883 ने वोट दिया, जोकि 70.31% है। तोलियासर में 2984 मतदाताओं में से 2001 ने मतदान किया, जोकि 67.06% है। गांव ठुकरियासर में 4414 मतदाताओं में से 3426 ने मतदान किया, जोकि 77.62% है। पुदंलसर में 2391 मतदाताओं में से 1970 ने वोट किया, जोकि 82.39% है। हेमासर में 1623 मतदाताओं में से 1098 ने मतदान किया, जोकि 67.65% है। बेनीसर 3380 मतदाताओं में से 2538 ने वोट दिया, जोकि 75.09% है।







वोट मांगनें कांग्रेस नेता के घर पहुंचें भाजपाई, राजनैतिक चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

5 नवम्बर 2026। राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी कभी स्थाई नहीं होती एवं इस कारण चुनावों के दौर में कई राजनैतिक उलटफेर देखने को मिलते है। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में भी ऐसी ही राजनैतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया जब भाजपा विधायक ताराचंद सारस्वत सहित भाजपा नेताओं की टोली क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रधान सुरजाराम भूंवाल के घर पहुंची एवं भूंवाल सहित गांव लिखमीसर उतरादा के ग्रामीणों ने उनका उत्साह से स्वागत किया। पंचायत समिति सदस्यों एवं जिला परिषद सदस्यों के मतदान से ठीक एक दिन पहले सोमवार शाम को हुई इस मुलाकात में भाजपा नेताओं ने भाजपा के जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी एवं पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी के पक्ष में वोट भी कांग्रेस नेता सुरजाराम भूंवाल के घर बैठ कर मांगें। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार का कोई दुपट्टा पहना कर किसी को



पार्टी ज्वाईन करवाने की कार्रवाही तो नहीं हुई लेकिन इस घटना ने क्षेत्र में राजनैतिक चर्चाओं को तूल दे दिया है। विदित रहे कि सूरजाराम भूंवाल ने इस बार ग्राम पंचायत लिखमीसर उतरादा में अपनी पुत्रवधु को सरपंच प्रत्याशी के रूप मैदान में उतार रखा है। ऐसे में इस मुलाकात ने कई राजनैतिक नफा-नुकसान का आंकलन भी लोगों की चर्चाओं में है। हालांकि भाजपा नेताओं द्वारा भी अपने प्रचार अभियान की प्रेस रिलिज में इसका उल्लेख नहीं किया गया एवं इस मुलाकात की चर्चा बाहर नहीं आने दी गई।



श्रीडूंगरगढ़ में SBI ने बांटे नए नोट, 600 से अधिक व्यापारियों और आमजन को मिली गड्डियां





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 5 नवंबर 2026। दीपावली सहित त्योहारी सीजन में नए नोटों की मांग को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक की श्रीडूंगरगढ़ स्थित चेस्ट ब्रांच में बुधवार को नए नोटों का वितरण किया गया। मुख्य बाजार स्थित बैंक शाखा में बड़ी संख्या में व्यापारी और आमजन नए नोट लेने पहुंचे। बैंक परिसर सहित नोट लेने उमड़े उपभोक्ताओं की भारी भीड़ की कतारें बैंक के बाहर तक लगी नजर आई। चेस्ट ब्रांच के शाखा प्रबंधक गौतम कुमार ने बताया कि बैंक की ओर से त्योहारी सीजन में शहर के 600 से अधिक व्यापारियों एवं आमजन को नए नोट वितरित किए गए। बैंक के निर्धारित नकद लेन-देन समय में एसबीआई के खाताधारकों को अपने खाते से निकासी के दौरान नए नोट प्राप्त करने की सुविधा दी गई। बैंक की ओर से 10, 20, 50 और 100 रुपये के नए नोटो की गड्डीयां वितरित की गई। त्योहारों पर नए नोट मिलने से व्यापारियों और आमजन में उत्साह नजर आया। बैंक की इस पहल से लोगों को त्योहारी खरीदारी और शुभ अवसरों पर नए नोटों की उपलब्धता का लाभ मिला और लोगों ने बैंक प्रशासन का आभार जताया।

2027 में फिर भाजपा-एनडीए की सरकार बनना तय - नितिन नवीन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में फिर भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी। गोरखपुर में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए श्री नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में काम किया है, जबकि राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राजनीति परिवार तक सीमित है। यह अंतर केवल भीड़ का नहीं, बल्कि जनविश्वास का है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देशभर में लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प के साथ पार्टी और एनडीए की 100 से अधिक पदयात्राएं हो चुकी हैं। इन यात्राओं में मिल रहे जनसमर्थन से स्पष्ट है कि जनता भाजपा और एनडीए के साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष चुनाव में हार के बाद कभी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तो कभी चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराता है। उन्होंने सवाल किया कि वर्ष 2025 से पहले जब एसआईआर नहीं हुआ था, तब चुनावों में मिली हार के लिए विपक्ष किसे जिम्मेदार ठहराता था। श्री नवीन ने मतदाता सूची में नाम कटने को लेकर विपक्ष के आरोपों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को स्पष्ट करना चाहिए कि मृत, स्थानांतरित और लापता मतदाताओं के नाम पर वह आखिर किसके वोट की मांग कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी के शासनकाल में संविधान में बदलाव किए गए और डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान हुआ, वही आज संविधान की दुहाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, रोजगार और सुशासन को बढ़ावा मिला है। भाजपा सरकार ने साढ़े 12 लाख से अधिक युवाओं को सीधे सरकारी नौकरी दी है। गोरखपुर में खाद कारखाने सहित विभिन्न संस्थानों के शुरू होने और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर तंज कसते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में साइकिल पंक्चर हो चुकी है और पंक्चर साइकिल एक्सप्रेसवे पर नहीं चल सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेताओं ने कोरोना काल में जनता के बीच रहकर सेवा करने के बजाय घरों में रहना पसंद किया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में लोगों की मदद की। श्री नवीन ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने और सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता 24 घंटे जनता की सेवा में जुटा रहता है, जबकि विपक्ष के नेता चुनाव के समय ही सक्रिय होते हैं।

आज मतदान के दौरान सतर्कता बरतने की हिदायत, मतगणना की सावधानियों पर भी हुआ मंथन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 5 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति व रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में गुरुवार को होने वाले पंच एवं सरपंच चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से बुधवार को उपखंड कार्यालय के सभागार में सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी झंवरलाल मित्तल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रहे, इसके लिए सभी अधिकारी सजग रहें तथा चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी बनाए रखें। एरिया मजिस्ट्रेट रमेश सिंह चौहान ने बैठक में मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर नौरत मल शर्मा एवं सेवानिवृत्त उपकोष अधिकारी बजरंग लाल सेवग ने भी चुनाव संबंधी जानकारियां साझा कीं। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तृत चर्चा की।

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, करवाई पर्याप्त व्यवस्थाएं, पत्थर हटवाए, लाईटें लगवाई।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। निर्वाचन अधिकारी झंवरलाल मित्तल के निर्देशन में बुधवार को गांव तोलियासर, ठुकरियासर, आड़सर, मोमासर, लाखनसर, जालबसर, उदरासर व लाखनसर सहित सभी मतदान केन्द्रों का टीमों ने निरीक्षण किया। मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करवाई। इस दौरान टीम ने लाखनसर मतदान केंद्र के बाहर पड़े पत्थर व अन्य सामग्री को तुरंत प्रभाव से हटवाया। टीम में निर्वाचन शाखा प्रभारी भव्य कटारिया, मुकेश झरवाल के साथ पूरबचंद व मदनलाल शामिल रहें।









जेपीएस, सनसाइन और विद्यास्थली स्कूल में बिखरा

दीपोत्सव का उल्लास, नन्हें-मुन्नों ने सजाई रंगोलियां



जेपीएस


सनसाइन



विद्यास्थली


जेपीएस


विद्यास्थली

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स, 5 नवंबर 2026। धनतेरस के साथ शुक्रवार से पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ होगा। इससे पहले गुरुवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगोलियां सजाई, दीप प्रज्ज्वलित किए और पेंटिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सरदारशहर रोड स्थित जयपुर पब्लिक स्कूल (जेपीएस) में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में नन्हें-मुन्नों ने आकर्षक रंगोलियां बनाई और दीप सजाए। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। स्कूल निदेशक कुंभाराम घिंटाला ने बच्चों को दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों की मदद करने तथा पटाखे चलाते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की सीख दी। उन्होंने स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में गुरुवार को सनसाइन और विद्यास्थली स्कूल में भी दीपावली उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगोलियां बनाकर और दीप सजाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। छोटे बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशकों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने का संदेश देते हुए सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

वर्षा बाधित मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

अर्शदीप सिंह (चार विकेट), गुरनूर बराड़ (तीन विकेट) और अंशुल कम्बोज (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद विराट कोहली (74) और कप्तान शुभमन गिल (37) बदौलत भारत ने बुधवार को बारिश बाधित पहले एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 22 रन देकर दो विकेट लेने वाले अंशुल कम्बोज को %प्लेयर ऑफ द मैच% का पुरस्कार मिला। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में काइल जेमीसन ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही कप्तान मिचेल सेंटनर के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जिन्होंने क्षेत्ररक्षण के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कैच पकड़े थे, कप्तान गिल के साथ पारी को संभाला। बारिश के कारण 11वें ओवर में पहली बार खेला रोका गया। उस समय भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 50 से अधिक रन बना लिया था। दूसरी बार जब खेल शुरु हुआ तो भारत को 40 ओवरों में 167 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद एक फिर बारिश शुरु होने पर खेल रोका गया। खेल दोबारा शुरु होन पर भारत को 32 ओवरों में 143 रनों का नया संशोधित लक्ष्य दिया गया। दोनों बल्लेबाजों इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैदान के चारों ओर रन बटोरे। इस दौरान विराट कोहली ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना 80वां अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर नेथन स्मिथ ने शुभमन गिल को अपना शिकार बना लिया। शुभमन गिल ने 56 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 37 रन बनाये। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने विराट कोहली को आउट कर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली 51 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में डफी ने अक्षर पटेल को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजकर भारतीय खेमे में हलचल मचा दी। इसके बाद जब भारत को जीत के लिए मात्र सात रनों की जरूरत थी डफी ने श्रेयस अय्यर (15) को आउट कर भारत का पांचवां झटका दिया। इस दौरान श्रेयस ने 13 गेंदों का सामना किया और एक चौका और एक छक्का जड़ा। 23वें ओवर की चौथी गेंद पर नमन धीर ने चौका लगाकर स्कोर पांच विकेट पर 143 रन कर भारत को पांच विकेट से जीत दिला दी। नमन धीर पांच और केएल राहुल तीन रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी ने तीन विकेट लिये। नेथन स्मिथ और काइल जेमीसन को एक-एक विकेट मिला। आज यहां इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यजीलैंड को185 रनों के स्कोर पर समेट दिया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पांचवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने विल यंग (नौ) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद नौवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने हेनरी निकल्स (नौ) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 15वें ओवर में गुरनूर बराड़ ने टिम साइफर्ट का शिकार कर लिया। साइफर्ट ने 43 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 38 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में बराड़ ने टॉम लेथम (तीन) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 27वें ओवर की पहली गेंद पर डैरिल मिशेल (28) रनआउट हुए। बेहतरीन और किफायती गेंदबाजी प्रदर्शन कर रहे अंशुल कम्बोज ने 27वें ओवर में कप्तान मिचेल सेंटनर (चार) को बोल्ड कर भारत को छठी सफलता दिलाई। नेथन स्मिथ (एक) को 29वें ओवर में कम्बोज ने आउट किया। 32वें ओवर की पहली गेंद पर अर्शदीप सिंह ने काइल जेमीसन (एक) को आउट कर न्यूजीलैंड को आठवां झटका दिया। 36ओवर की पहली गेंद पर अर्शदीप सिंह ने ग्लेन फिलिप्स का शिकर कर लिया। ग्लेन फ़िलिप्स ने 51 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 30 रन बनाये। जेक डफी और ब्लेयर टिकनर ने आखिरी विकेट के लिए 39 रन जोड़े। 41वें ओवर की दूसरी गेंद पर बराड़ ने ब्लेयर टिकनर को आउट कर न्यूजीलैंड़ की पारी का 185 रन के स्कोर पर अंत कर दिया। ब्लेयर टिकनर ने 23 गेंदों में एक चौका और चार छक्के उड़ाते हुए 34 रनों की महत्वूपर्ण पारी खेली।

सरकार का बड़ा फैसला : मौजूदा बैचों के सभी अग्निवीरों का स्थायी सैनिक बनने का मार्ग प्रशस्त

तीनों सेनाओं में चार वर्ष पहले अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती किए गए अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए उनके सेनाओं में स्थायी सैनिक बनने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है जिसमें मेरिट के आधार पर स्थायी सैनिक बनाए जाने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों के अलावा बाकी बचे 75 प्रतिशत को पहले दो वर्ष का सेवा विस्तार और उसके बाद में नियमित किए जाने का मौका दिया जाएगा। सेना इन 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो वर्ष के बाद स्थायी सैनिक बनने की पेशकश करेगी। इन 75 प्रतिशत सैनिकों को उनकी इच्छा तथा सेनाओं के चयन मानदंडों के आधार पर सेनाओं में स्थायी सैनिक बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि ने बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह निर्णय सेनाओं की सिफारिश पर लिया है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना अपने मूल रूप में जारी रहेगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि यह निर्णय बहुत सोच विचार के बाद अग्निवीरों के प्रशिक्षण के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन, फिटनेस और अनुशासन को देखते हुए लिया है और अब तक के सभी बैचों पर लागू होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू करते समय स्पष्ट किया गया था कि इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और यह निर्णय समीक्षा पर ही आधारित है। उन्होंने कहा,÷ इच्छुक 75 प्रतिशत अग्निवीरों के लिए दो वर्ष के सेवा विस्तार की शुरूआत अग्निवीरों की आकांक्षाओं और संगठनात्मक दक्षता के बीच सामंजस्य स्थापित करने के मूल उद्देश्य से, विचार-विमर्शपूर्ण, तर्कसंगत एवं विस्तृत मूल्यांकन तथा प्राप्त फीडबैक के बाद की गई है।÷ जनरल सुब्रमणि ने कहा कि अग्निपथ योजना 14 जून 2022 में शुरू की गयी थी और उसके मूल रूप में यह व्यवस्था थी कि अग्निवीरों का कार्यकाल चार वर्ष का रहेगा और चार वर्ष के बाद इनमें से केवल 25 प्रतिशत को मेरिट के आधार पर स्थायी सैनिक के तौर पर सेना में भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेनाओं की सिफारिश पर सरकार ने अग्निवीरों के अब तक के सभी बैचों के अग्निवीरों को नियमित करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। चार वर्ष पूरे होने के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीरों को मेरिट के आधार पर स्थायी किया जायेगा जबकि बाकी बचे 75 प्रतिशत को दो वर्ष का सेवा विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के बाद 75 प्रतिशत में शामिल सभी अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी सैनिक बनने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी अग्निवीरों को उनकी इच्छा तथा सेनाओं के चयन मानदंडों के आधार पर सेनाओं में स्थायी सैनिक बनाया जाएगा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि दो वर्षों के सेवा विस्तार के दौरान अग्निवीरों को पहले वर्ष 43 हजार 500 और दूसरे वर्ष 47 हजार 500 रूपये का वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें 10 लाख 92 हजार रूपए की सेवा निधि भी दी जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर नियमित किए गए 25 प्रतिशत अग्निवीर सैनिक बनने के बाद वरिष्ठता में बाद में नियमित किए जाने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों से वरिष्ठ रहेंगे।

पांच मिनट में साबित कर दूंगा कि देशद्रोही हैं मोदी - राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नियंत्रण होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री मोदी देशद्रोही हैं और वह आमने-सामने की बहस में पांच मिनट के भीतर इसे साबित भी कर देंगे। श्री गांधी ने यहां बुधवार को इंसाफ रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी को आमने-सामने बहस करने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि बहस में निर्णायक के तौर पर प्रधानमंत्री जिसे चाहें, उसे बैठा सकते हैं। वह मोहन भागवत या अडानी को भी निर्णायक बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संसद में चर्चा की बात करते हैं लेकिन वहां विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है और उसे बोलने नहीं दिया जाता। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री उनके सामने बैठकर बहस करने की हिम्मत नहीं कर सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को नियंत्रित करते हैं और यही वजह है कि ट्रंप ने धमकाकर उनसे पांच मिनट के भीतर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करवा लिये। इस समझौते के लिए न तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलायी गयी और न ही नौकरशाहों से सलाह ली गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश के किसानों के हितों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अमेरिका के सामने कुछ नहीं बोला। ट्रंप लगातार दावा करते हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस पर कुछ नहीं बोल पाते। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री श्री ट्रंप के इस दावे का जवाब क्यों नहीं देते। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री किसानों, छोटे और मझोले उद्योगों तथा आम कारोबारियों के हितों की रक्षा करने के बजाय बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के खिलाफ काम किया और देश का पूरा बुनियादी ढांचा अडानी जैसे उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है।





BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

आभार श्रीडूंगरगढ़

बालाजी मोटर्स परिवार में जुड़ने के लिए

10 YEARS WARRANTY

अब कार जैसी इंजन वारंटी बजाज मोटरसाइकिल पर 10 साल या 125000 किलोमीटर तक इंजन वारंटी।

हर मोटरसाइकिल खरीद पर मिलेंगे ये सभी फ्री



हर मोटरसाइकिल खरीद पर ₹500 का पेट्रोल फ्री...

सबसे मजबूत, स्टाइलिश,, दमदार इंजन और

माइलेज का राजा, बजाज मोटरसाइकिल



हम पर भरोसा करने के लिए आपका धन्यवाद!

सस्ती मोटरसाइकिल का चक्कर छोड़ो,
बजाज मोटरसाइकिल लो और
10 साल बेफिक्र सफर करो

बालाजी मोटर्स
बीकानेर रोड़, N.H. 11, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)

विक्रम स्वामी 7339967401
विशाल स्वामी श्रीडूंगरगढ़ टाईम्स

आज ही आएं और बजाज परिवार का हिस्सा बनें।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401